So, all these issues are dealt with in the questionnaire. We would not say that this system has failed. My submission to my friend is that the system as it is has worked quite well. For instance, I will take the Election Commission. The Election Commission in India has done praiseworthy work because the elections have been fair in India throughout. Nobody in India or outside India disputes this claim. So, if any further improvements are there, they can always be welcomed. But this is a system in which once a political party is returned to power, then, that parly lias to look after the destiny of the nation so long as it commands the majority in the Lok Sabha. Therefore, you cannot allow other parties and say, "OK. We have been elected. But tell us what Jo you say." That is a collective co-operation in the House and outside the House, which the Opposition and the ruling party have to carry on. We have demonstrated that practically. In all major decisions of the-Government, we have talked to the Opposition, we have talked to them on vital issues. So, that co-operation is there, but thers cannot be a joint ruling of the country by the Opposition as well as by the ruling party. That is not permissible. You have to be satisfied with the mandate of the people. If you want it different system, then this private Member's Bill cannot decide the fate of the nation by saying that this is the best system we can have. This is, as you know, a very vital question. Sarkaria Commission's Report will come and we will discuss it here and apply our mind to that.

You have pointed out certain things that somewhere the Governors floundered somewhere or the poliikal parties floundered. This is very much possible in a big democracy, but I always submitted that it is the individual who occupies a particular chair that lends dignity to the chair and the responsibility he feels. So, it is not a question of a particular system, it is the individual failing in responsibility. T have gone into all these aspects.

In regard to the Judges' appointment, T have told Shri Goyal that we are prepared to discuss. You are a senior counsel in the Supreme Court and you know the Judges are not merely appointed by the Executive. Their process of appointment star's from the Chief Justice and goes right up to the Chief Justice of the Supreme Court and then it comes to the Executive. I assure the hon. Member that we will not normally go against the recommendations of the Chief Justice of India either in the matter of appointment or in the matter of transfer or promotion of judges. You can take it from us. We can always dis-, even outside the House the insiance \Uiere you think there is a gross violation of norms of appointment. These quesirons are wholly unfounded^ and I would request him to withdraw his Bill.

SHRI J. P.,GOYAL: All right, I withdraw the Bill hoping that after the report of the Sarkaria Commission the Government will bring its own Bill.

MR. DEPUTY-CHAIRMAN: Has the Hon. Member leave of the House to withdraw his Bill?

SOME HON. MEMBERS: Yes. *The Bill*

was, by leave, withdrawn.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Shri M. Basavaraju is absent^ So, we go to the next. Shri J. P. Goyal again.

THE REPRESENTATION OF THE PEOPLE (AMENDMENT) BILL, 1982 (TO AMEND SECTIONS 21. 22 OF ACT 43 OF 1951.

SHRI J. P. GOYAL (Uttar Pradesh): i I am just moving the Bill for consideration.

The Bill is No. 23 of 1982—The Representation of the People (Amendment) Bill, 1982. I cannot press half of this Bill, now, reason being that was regaiding I defections. The Bill was introduced in 1982. In tha meanwhile we have unanimously passed in both the Houses the Anti-Defection Act. Therefore. Section 4 cannot be taken into consideration at all. It has become redundant after the passing of the Anti-Defection Act.

[Shri J. P. Goyal]

Now, I may read the relevant portions of the Statement of Objects and Reasons. The only other provisions in the Representation of the People Act, which I seek the amendment of, are Sections 21 and 22 of the Representation of the People Act, 1951. 1 am reading paragraph 2 of the Statement of Objects and Reasons:

> "Sections 21 and 22 of the Representation of the People Act, 1951, are also sought to be amended to provide that the Returning Officer need not be the officer of the Government or officers of local Authorities. It is further proposed that the Election Commission shall designate or nominate them in consultation with the Chief Electoral Officer, and not in consultation with the Stale Governments. It is hoped that these provisions will undoubtedly be an improvement over the existing election law.
>
> "There cannot be two opinions that the purity of elections is so essential for the manitenance of democracy in our country. Misuse of power by the Ruling party at the" time of elections has to be avoided. It is hoped that these amendments will achieve that purpose."

The only provision regarding the appointment of Returning Officers is given in Section 21 but I find that Section 21 is not complete regarding the appointment of Re- • turning Officers. I am reading Section 21:

> "For every constituency, for every election, to fill a seat or seat; in the Council of States and for every election of the Legislative Assembly of a State, to fill a seat or seats in the Legislative Council of the State, the Election Commission shall, in consultation witjh the Government of the State designate or nominate a Returning Officer, who shall be. an officer of the Government or of the local Authority."

The Bill which I have withdrawn just *P.M.* now and the present Bill were introduced by me on the same day. The purpose of these two Bills are that they are complementary to each other. There I have sought an amendment regarding appointment of the Chief Election Commissioner. The Election Commission is also an independent body. They do not bother about the ruling party or the opposition party.

SHRI KALPNATH RAI (Uttar Pradesh) : In your opinion he is not independent. You mean Election Commission is not an independent body.

SHRI J. P. GOYAL: Why should I say that, whether an individual is independent or not? Why should I bother about that? Why you should ask me whether a particular Judge is honest or not? Why should I say that in this august House? I am not on facts, but I am on law.

The Representation of the People Act, 1951, was enacted; I was then a lawyer and my humble submission is that we could never imagine it that the State Government would act in this way. That was the position in those days. Here the working of different laws has not proved the test of time. There are two flaws in section 21. Firstly, the Election Commission is being asked to appoint a Returning Officer in consultation with the Government of the State which means the ruling party. And in any election the Opposition will also participate along with the ruling party. Some independents will also participate. Then, where is the question of consultation by the Election Commission with the Government of the State.

Under article 324 of the Constitution, the Election Commission is an independent body. Why should Parliament unnecessarily control this discretion? Let the Chief Election Commissioner himself decide as to who shcuild be the Returning. Officer and who can be independent. Now that has to be done in consultation with the Government of the State and "designate" or "nominate" Returning Officer who shall be an officer of a local authority. Returning Officer cannot be a person other than a Government servant. My hon. friend Mr Kalpnath Rai wants me to give facts, bat I do not want to give. T have to give facts only on oath which T do not want to give.

Sir, 1 am not spying that the Reutrning Officers are not independent or have not acted independently. Mostly they are independent. But in certain situations they have been forced to act in a particular way. Therefore, in my submission this section 21 wants to perpetuate the rule of a particular party for all times to come. The Returning Officer is a very important officer in any election. The amendment which I am seeking in section 21 is that it should be in consultation with the Chief Electoral Officer. The Chief Electoral Officer is one who controls the elections in the State. 1 leave it to the discretion of the Chief Election Commissioner. The amendment which I am seeking in section 21 of the Representation of the People Act, 1951 (hereinafter referred to as the principal Act) for the words "Government of the State, designate or nominate a returning officer who shall be an officer of Government or of a local authority", the words "Chief Electoral Officer of the State, designate or nominate a returning officer." What should be the qualification of a Returning Officer? Why the Constitution makers have given powers to the State Government under article 324 to decide what should be the Reerurning Officers qualifications? Let the Chief Election Commissioner decide about his qualifications. Tf he cannot himself decide, there might be regional election commissioners or election commissioners. The Chief Election Commissioner is a very high authority. He may be a retired Supreme Court Judge or a sitting Supreme Court Judge or a High Court Judge or a Chief Justice of High Court. He will be a person in whom everybody has got faith, but not just a Secretary to the Government who is appointed the Chief Election Commissioner without consulting anyb6dy. He has always been a 'Government servant. And now all of a sudden, will he become so independent? At present—this is done either impliedly or expressly, I do not know—the Chief Election Commissioner is under the Law Ministry, his staff and all that. Therefore, the submission which I am making about section 21 is, let it be left to the Chief Election Commissioner; let him decide as to who should be the Returning Officer. *(Interruptions)*

SHRI KALP NATH RAI: You are ing confusion worse confounded.

SHRI J. P. GOYAL: My submission is that the State Government should not be consulted. Otherwise they will put their own men—district magistrates, sub-divisional magistrates. The sub-divisional magistrates are the returning officers in the matter of Assembly elections. The district magistrates are the returning officers in the matter of elections to the Lok Sabha. And sub-divisional magistrates are the assistant returning officers in the matter of elections to the Lok Sabha. These are officers of the Government who are every time under the pressure of the Minister—"you will be transferred to such and such place, you will not be promoted', this thing and that thing. These situations have arisen.

SHRI LAXMI NARAIN (Delhi); On a point of order. I want to submit that my friend has just cast aspersions on all the Government employees and officers. He cannot make a sweeping statement like this. There may be exceptions—one per cent or two per cent—but every officer cannot be said to be working under political pressure. So my point of order is that you may kindly give a ruling that these words should not figure in today's records.

SHRI J. P. GOYAL: I have said, exceptions are there. I have also said in the beginning that most of them are honest. Why should I cast any aspersion? But in real situations they are pressurised.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: In view of the explanation offered by him, I do not think there is any special point to be considered.

SHRI J. P. GOYAL: If they do not allow the Opposition to say anything here, what is the use?

SHRI LAXMI NARAIN: But don't cast aspersions. Don't doubt their integrity.

SHRI J. P. GOYAL: Their integrity is always there. They are good people. But the question is whether the persons under whom they are working are good. This

[Shri J. P. Goyai] is the talk of the day. You cannot avoid it.

SHRI LAXMI NARAIN: You may be narrating .your own experience.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: When you get your turn, you may speak.

SHRI J. P. GOYAL: This is regarding amendment of section 21. As to who should be the returning officers, let it be left to the wisdom of the Chief Election Commissioner; let him decide. In my submission, let them be judicial officers. For example, let them be professors, Let them be such persons in whom people have faith. Let it be left to the discretion of the Chief Election Commissioner under article 324.

Similarly in section 22, I am seeking an amendment regarding assistant returning officers. I have the same objection here. Section 22 also says that the Election Commission may appoint one or more persons to assist any returning officer, provided that every such person shall be an officer of Government or of a local authority. Why should he be an officer of the Government? It is interesting. Officers of the Government every time are under the thumb of the Minister. You just telephone and do whatever you like. The hon. Minister knows about Azmat Khans case—Janata Party man—which came to the Supreme Court. The facts of the case are that our Lok Dal candidate was winning. Our candidate was first, the Congress candidate was third and Azmat Khan was second. And in the calculation he lost. That means the Returning Officer made a wrong calculation. In 1982 election the Lok Dal may not have a majority and may not have formed the government. Ultimately it was set aside by the High Court and the Supreme Court also. I immediately went to Mr. Shakdhar. He said: what can T do? He has declared him like that. Now, the present Chief Minister, with great respect to him, asked the Returning Officer to declare it. This was our information. T am not saying this on facts.. .

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF LAW AND JUSTICE (SHRI H. R. BHARDWAJ): This is an aspersion which cannot be allowed. The present Chief Minister is not present in the House.

SHRI J. P. GOYAL; Our representation was in writing. This was also there in the Election Petition. I am not saying on facts.. .

SHRI H. R. BHARDWAJ; When a person is not a member of this House, about him he is casting an aspersion. 1 would only point out we should confine ourselves to the issues which are necessary for this amendment.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: He sajra it is not on facts.

SHRI J. P. GOYAL: I am not giving all examples. I am only giving one example where a situation had arisen when the Returning Officer had to do it deliberately. Under what pressure he did it, we do not know. But this was our contention before the Election Commission and in the court also. So I submit—you said "officers of Government or officers of local bodies"—there are others also in this country who can be treated to be independent, not only officers of Government. Of course, officers of Government are also independent. I am not casting any aspersion on them. But they are under you, under the Ministers, under the Deputy Ministers. They are working under you. They do all executive functions of the State. Cannot we have a suspicion if something has happened somewhere of which the public feels this has been done illegally? Cannot we have a suspicion that this was done under your pressure, under your thumb, that he was pressurised? Therefore, I submit, let it be worked in a proper way, in a democratic way. These are my submissions for some changes in the Act. Shri Kalp Nath Rai and others can place their own views.

The question was proposed.

श्री कल्पनाथ राय: आदरणीय उपसभापति जी, हमारे मित्र गोयल जी ने लोक प्रतिनिधित्व (संशोधन) विधेयक, जो प्रस्तुत किया है मैं उनकी बहुत सी बातों से सहमत हूं और उन्होंने इस विधेयक में जो उद्देश्य और कारणों को बताया है सर्व प्रथम मैं उसको कहना चाहूंगा।

"निर्वाचक मंडल चाहता है कि निर्वाचित व्यक्ति को उस दल से दल-बदल नहीं करना चाहिए जिसके टिकट पर उसने चुनाव लड़ा और जीता हो। कुछ उम्मीदवार निर्वाचन के पश्चात् निजी उद्देश्यों के लिए स्थिति की आवश्यकताओं के अनुसार दल बदल लेते हैं और जिस निर्वाचक मंडल ने उन्हें निर्वाचित किया था उसकी इच्छाओं को भूल जाते हैं। ऐसी स्थिति से बचने के लिए अधिनियम में एक नये अध्याय 6-क का अन्तःस्थापन किये जाने का प्रस्ताव है।

लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 21 और 22 का भी संशोधन करने का प्रस्ताव है जिससे कि यह उपबंध किया जा सके कि रिटर्निंग आफिसर होने के लिए सरकारी आफिसर या स्थानीय प्राधिकारणों के आफिसर होना आवश्यक नहीं है। यह भी प्रस्ताव है कि निर्वाचन आयोग मुख्य निर्वाचन आफिसर के परामर्श से, उन्हें पदाभिहित या नामनिर्दिष्ट करेगा, राज्य सरकारों के परामर्श से नहीं। आशा है कि इन उपबंधों से निस्संदेह विद्यमान निर्वाचन कानून में सुधार होगा।

इस बात पर दो मत नहीं हो सकते कि निर्वाचनों की निष्पक्षता हमारे देश में लोकतंत्र को बनाये रखने के लिए बहुत आवश्यक है। निर्वाचनों के समय सत्ताधारी दल को शक्ति का दुरुपयोग करने से रोकना होगा। आशा है कि इन संशोधनों से वह प्रयोजन पूरा होगा।"

आदरणीय उपसभापति महोदय, सन् 1982 में हमारे गोयल जी ने यह लोक प्रतिनिधित्व (संशोधन) विधेयक रखा था। मैं सर्वप्रथम गोयल जी से कहना चाहूंगा कि कम से कम अपने बिल को पेश करते समय उन्हें हिन्दुस्तान के प्रधान मंत्री श्री राजीव गांधी को अपने दल की तरफ से धन्यवाद देना चाहिए था कि उन्होंने उनके बिल के उद्देश्य के पहले लक्ष्य को पूरा किया है। सत्ता में आने के बाद हिन्दुस्तान की राजनीति को स्वच्छ और सुथरा बनाने के लिए श्री राजीव गांधी जी ने दल-बदल पर रोक लगाई और वे एक एन्टी डिफेक्शन बिल लाये, जिसके परिणामस्वरूप हिन्दुस्तान की राजनीति में जो भी गड़बड़ियां थी उनमें सुधार हुआ और राजनीति एक साफ और सुथरी चीज बनी। श्री गोयल को यह बात याद होगी कि जिस दल बदल पर वे रोक लगाना चाहते हैं उसी दल बदल की करके उनके नेता चौधरी चरण सिंह मुख्य मंत्री बने और उसी दल बदल के आधार पर हिन्दुस्तान के प्रधानमंत्री बने। किसी भी कांग्रेस पार्टी के आदमी ने तिरंगे झण्डे के नीचे रह कर यह काम नहीं किया। सन् 1967 में उत्तर प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी थी। श्री चन्द्रभानु गुप्त मुख्य मंत्री थे। कांग्रेस पार्टी के टिकट पर चौधरी चरण सिंह विधान सभा में चुनाव जीते थे। उन्होंने उस वक्त विधान सभा में नेता पद का चुनाव भी लड़ा था और उनको 22 मत मिले थे। पूरी तरह से नेता पद का चुनाव हुआ था।

SHRI J. P. GOYAL: I have not argued about all these things. Why should he say these things?

श्री हंसराज भारद्वाज : आप उनको अपनी बात कहने दीजिये।

श्री कल्पनाथ राय : श्रीमन्, इनके बिल के उद्देश्य में यह लिखा हुआ कि निर्वाचक मंडल चाहता है कि निर्वाचित व्यक्ति को उस दल से दल-बदल नहीं करना चाहिए जिसके टिकट पर उसने चुनाव लड़ा और जीता हो। कुछ उम्मीदवार निर्वाचन के पश्चात् निजी उद्देश्यों के लिए स्थिति की आवश्यकता के अनुसार दल बदल लेते हैं और जिस निर्वाचन मंडल ने उन्हें निर्वाचित किया था उसकी इच्छाओं को भूल जाते हैं। ऐसी स्थिति से बचने के लिए अधिनियम में एक नये

[श्री कल्पनाथ राय]

अध्याय-6क का अन्तःस्थापना किये जाने का प्रस्ताव है। इसलिए मैं इस बिल के अनुकूल ही बोल रहा हूं।

श्री जे० पी० गोयल : मैंने इन बातों को तो नहीं कहा है।

श्री कल्पनाथ राय : आपके बिल में यह सब बातें हैं।

SHRI J. P. GOYAL: Our friend was also in the Socialist Party.

श्री कल्पनाथ राय : उपसभापति महोदय, मैं सोशलिस्ट पार्टी के टिकट पर चुनाव जीत कर कांग्रेस में नहीं आया। मैंने समाजवादी पार्टी से इस्तीफा देकर सन् 1969 में कांग्रेस के विभाजन के बाद समाजवादी नीतियों के कारण कांग्रेस पार्टी जॉइन की है। मैंने फायदे के लिए ऐसा नहीं किया है। नीतियों के आधार पर किया है। मैं किसी दल से डिसैक्ट होकर नहीं आया था। मैं आपको याद दिलाना चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश में सन् 1947 में आचार्य नरेन्द्र देव समाजवादी विचारधारा के लोगों के नेता थे उनके नेतृत्व में 12 एम०एल०ए० ने कांग्रेस पार्टी से विधान सभा में इस्तीफा दिया और उन्होंने साथ-साथ विधान सभा की सदस्यता से भी इस्तीफा दे दिया। बाद में उन 12 व्यक्तियों ने समाजवादी पार्टी बनाई और उस पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ा और वे चुनावों में पराजित हुए। श्री दरबारा सिंह जो हमारे बुजुर्ग नेता है, पुराने कांग्रेसी नेता हैं, वे इन बातों को अच्छी तरह से जानते हैं। आपके इस बिल का उद्देश्य यही है कि अगर कोई व्यक्ति किसी पार्टी के टिकट पर चुनाव जीतता है और बाद में पार्टी बदलता है तो उस पर रोक लगानी चाहिए। दल बदल की केटेगरी में आपके नेता चौधरी चरण सिंह आते हैं। चौधरी चरण सिंह ने सन् 1967 में कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ा था और बाद में दल बदल दिया। सन् 1937 से सन् 1967 तक 30 साल तक वे कांग्रेस में रहे। सन् 1967 में उत्तर प्रदेश में जब श्री चन्द्रभानु गुप्ता की सरकार बनी तो वे अपने 18 आदमियों को लेकर अलग हो गये। मुख्य मंत्री बनने के लिए उन्होंने दल बदल किया। यह हिन्दुस्तान के इतिहास में सबसे बड़ा प्रमाण है और आप उसी दल के संसद सदस्य हैं जिस दल के भगवान चौधरी चरण सिंह हैं। इसलिये आप ही की मंशा को मद्देनजर रखते हुए हमारे देश के प्रधानमंत्री जी एन्टी डिफेक्शन बिल लाये। आदरणीय उपसभापति महोदय, 1977 में हिन्दुस्तान की जनता ने जनता पार्टी को सत्ता दी। जनता पार्टी के टिकट पर चौधरी चरण सिंह जीतकर पार्लियामेन्ट में आये और 1979 में भारत का प्रधानमंत्री बनने के लिए उन्होंने जनता पार्टी को तोड़ा, छोड़ा और दलबदल किया। तो हिन्दुस्तान के इतिहास में प्रधानमंत्री के पद से लेकर मुख्यमंत्री के पद को लेने के लिये आपके नेता ने अपने उद्देश्य की पूर्ति के लिये दलों को छोड़ा, कभी कांग्रेस छोड़ी, कभी जनता पार्टी छोड़ी और इस तरह से उन्होंने इन पदों को प्राप्त किया। आदरणीय उपसभापति महोदय, गोयल जी की विचारधारा के अनुसार ही आदरणीय राजीव गांधी ने प्रधानमंत्री बनने के बाद भारत की राजनीति को स्वच्छ और सुथरा बनाने के लिए एन्टी डिफक्शन बिल पास किया। अब अगर कोई सदस्य लोकदल के टिकट पर जीते और उसके बाद दलबदल करे तो उसको अपनी मेम्बरशिप से हाथ धोना पड़ेगा।

SHRI J. P. GOPAL: Sir, when I said something about the present case of Chief Minister of Haryana *(Interruptions)* I did not argue on defections and all that. He is just wasting the time of the House on that aspect. You are saying some against one who is not present in the House.

श्री कल्पनाथ राय : आदरणीय उपसभापति महोदया, कहां राजा भोज और कहां भवुआ तेली। वे एन्टी डिफक्शन बिल लाये। आदरणीय उपसभापति जी, दलबदल का नाम जब कभी भी हिन्दुस्तान की राजनीति में आयेगा . . .

SHRI J. P. GOYAL: When I have already withdrawn...

श्री कल्पनाथ राय : आप के बिल के पूरे उद्देश्यों पर हमको बोलना है ।

SHRI J. P. GOYAL: When 1 have withdrawn that part of the Bill, why sre you unnecessarily wasting the ous time of the House?

श्री कल्पनाथ राय : मैं गोयल जी की भावनाओं का . . .

SHRI J. P. GOYAL: That we can talk outside, not here, *(Interruptions)*

श्री कल्पनाथ राय : मैं गोयल जी की भावनाओं का आदर करता हूं और अब मेरा विश्वास है कि अगर वे राजीव गांधी को धन्यवाद दे देंगे तो हम उनको बहुत ईमानदार वकील कहेंगे । राजीव गांधी जी ने उस काम को किया जो गोयल जी के मन के अनुकूल था । सत्ता में आते ही राजीव गांधी ने उस काम को पूरा किया । इसलिये उनको हिन्दुस्तान की करोड़ों करोड़ जनता की तरफ से और विशेष रूप से लोकदल की तरफ से धन्यवाद दिया जाना चाहिये, इसकेलिए धन्यवाद का प्रस्ताव पास होना चाहिये । उन्होंने भारत की राजनीति में एक साफ तथा सुथरे युग का प्रारम्भ किया है । भारत की राजनीति दलबदल के कारण विषाक्त बन गई थी । उस राजनीति में स्वच्छता तथा सुथरापन लाने का प्रयास, उसका श्रीगणेश श्री राजीव गांधी ने किया । इसलिये भारत की जनता और देश के सभी राजनैतिक दलों को राजीव गांधी को धन्यवाद देना चाहिये जो उन्होंने भारत की राजनीति को साफ सुथरा करने का प्रयास किया है । आदरणीय उपसभापति महोदय, हमारे मित्र श्री गोयल जी ने जो कहा है, लोक-प्रतिनिधित्व अधिनियम संविधान की धारा 324 में है कि .

"(1) The superintendence, direction and control of the preparation of the electroal rolls for, and the conduct of all elections to parliament and to the Legislature of every State and of elections to the offices of President and Vice-President held under this Constitution shall be vested in a Commission (referred to in this Constitution as the Election Commission).

12) The Election Comraiision shall consist of the Chief Election Commissioner and such number of other Election Commissioners, if any, the President may from time to time fix and the appointment of Ujfe | Chief Election Commissioner and other Election Commissioners shall, subject to the provisions of .any law made in that behalf by Parliament, be made by the President.

(3) When any other Election Commissioner is so appointed, the Chief Election Commissioner shall act as the Chairman of the Election Commission.

(4) Before each general election to the Houses of the People and to the Legislative Assembly of each State, and before the first general election and thereafter before each biennial *t* Section to the Legislative Council of eacfc State having such Council, the President mav also appoint after consultation with the Election Commission such Regional Commissioners as he may consider necessary to assist

Election Commission in the.performance of the functions conferred on the Commission by clause (I).

Subject to the provisions of any law made by Parliament, the conditions of service and tenure of office of the Election Commissioners and the Regional Commissioners shall be such as the President may be rule determine--------- "

"Provided that the Chief Eiect-tion Commissioner shall not be removed from his office except in like manner and on the like grounds as a Judge of the Supreme Court and the conditions of service of the Chief Election Commissioner shall not be varied to his disadvantage after hi® appointment;

Provided further that any other Election Commissioner or a Regional Commissioner shall not be re-

moved from office except on the recommendation of the Chief Election Commissioner.

(6) The President^ o$_r$ the Governor of a State, shal^ which 130 requested by the Election Commissioner, make available to the Election Commissioner or to a Regional Commissioner such staff as may be necessary for the discharge of the functions conferred o$_n$ the Election Commission "by clause (1).

325. There shall be one general electoral roll for every territorial constituency for election to either House of Parliament or to the House or either House of the Legislature of a State and no person shall be ineligible for inclusion in any such roll o$_r$ claim to be included in any special electoral roll for any such constituency on grounds only of religion, race, <:aste, sex or any of them."

आदरणीय उपसभापति महोदय, इस संविधान की रचना किस ने की ? आदरणीय गोखले जी बड़े विद्वान व्यक्ति हैं । आजादी की लड़ाई के स्वतन्त्रता संग्राम के सैनानियों ने 1947 से 1952 के बीच भारत के संविधान का निर्माण किया ।

आजादी के लिए मरने मिटने वाले लोग जो यह भी नहीं जानते थे कि भारत आजाद होगा, भारत की आजादी के लिए जो फांसी के तख्तों पर चढ़े, उस जमाने के लोग आजादी की जंग में कूदे थे, ऐसे स्वतन्त्रता संग्राम सैनानियों ने भारत के संविधान का निर्माण किया और उस में इलैक्शन कमीशन की बाकायदा यह चीजें लिखी । जब से हिन्दुस्तान का इलैक्शन कमीशन बना है तब से आज तक हिन्दुस्तान के इलैक्शन कमीशन ने जितना सराहनीय काम किया है उसकी जितनी प्रशंसा की जाए उतनी कम है । उसने जिस प्रशंसनीय ढंग से भारत के चुनाव का संचालन किया वह दुनियां के इतिहास में किसी भी देश में नहीं हुआ है । सत्ता का हस्तांतरण जिस शान्तिपूर्ण ढंग से हिन्दुस्तान में हुआ है वह इतिहास में कहीं भी, किसी भी विकासशील देश में नहीं हुआ है । क्या यह सच नहीं है ? क्या आपकी पार्टी के किसी नेता ने आज तक इलैक्शन कमीशन के ऊपर कोई अंगुली उठाई है ? इसलिए एक चीज जो कि बहुत अच्छी बनी हुई है, जैसे पार्लियामेंट का यह भवन शानदार बना हुआ है, आप कह रहे हैं कि इस को ढाह कर दूसरी बिल्डिंग बनाइये ; इतना आपको जानना चाहिए इतनी बड़ी इंजीनियरिंग और इतनी ईमानदारी से और इतनी निष्ठा के साथ इस संसद् भवन को बनाया है, आप इसकी मूल भावना को समझने की कोशिश कीजिए । इलैक्शन कमीशन ने आसाम, आन्ध्र और कर्नाटक में चुनाव का संचालन किया और आज वहां पर विरोधी दलों की सरकारें हैं । किसी भी सरकार के मुख्य मंत्री ने हिन्दुस्तान के चुनाव आयोग पर अंगुली उठाने की कोशिश नहीं की है । आप जानते हैं 1977 में हिन्दुस्तान के अन्दर चुनाव हुआ । श्रीमती इन्दिरा गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी चुनाव हार गई । 24 घंटे के अन्दर सत्ता का हस्तांतरण हुआ । श्रीमती इन्दिरा गांधी खुद चुनाव हार गईं और उन्होंने उस हार को स्वीकार कर लिया । उन्होंने यह कहा कि सारी हार की जिम्मेदारी मेरे ऊपर है और जनता पार्टी को सत्ता सौंपी गई । जनता पार्टी खुद अपने दलबदल और अन्तःविरोध के कारण टूट गई, नष्ट हो गई । जिसको कांग्रेस पार्टी ने नहीं तोड़ा । आप से मैं यह पूछना चाहता हूं कि 1952 में जब जवाहरलाल नेहरू हिन्दुस्थान के प्रधानमंत्री थे, उसके बाद भारत के प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री थे, श्रीमती इन्दिरा गांधी भारत की प्रधान मंत्री थीं, आज तक इलैक्शन कमीशन के ऊपर किसी ने अंगुली नहीं उठाई । यह खुशी की बात है कि भारत जैसे विकासशील देश में इलैक्शन कमीशन ने जिस निष्पक्षता के साथ चुनाव का संचालन किया, 70 करोड़ जनता के महान देश में दुनियां के सब से बड़े लोकतंत्र में इलैक्शन का संचालन किया वह इतिहास में अनुकरणीय रहेगा । गोखले जी को मालूम है 1980 में चुनाव हुआ । छपरोली से भारत के प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह चुनाव लड़ रहे थे । पहली बार हिन्दुस्तान के प्रधानमंत्री

की कांस्टीट्युंसी में 115 बूथ केपचर कर लिये गये । (व्यवधान)

एक माननीय सदस्य : सही है ।

श्री जे० पी० गोयल : इस चीज के बारे में उनके खिलाफ कोई इलैक्शन पेटीशन नहीं हुआ, कुछ नहीं हुआ (व्यवधान) ।

श्री कल्पनाथ राय : 115 बूथों पर कब्जा हुआ ।

SHRI H. R. BHARDWAJ: Election petition is pending.

श्री जे० पी० गोयल : यह तो आप 1985 की बात पर रहे हैं ।

श्री कल्पनाथ राय : मैं कहना चाहता हूं कि डा० राम मनोहर लोहिया जैसे व्यक्ति ने जो जवाहरलाल नेहरू के खिलाफ लड़े, उन्होंने यह नहीं कहा कि बूथ पर कब्जा किया गया है। श्रीमती इंदिरा गांधी हार गयीं मगर उन के दुश्मनों ने नहीं कहा कि बूथ पर कब्जा कराया गया। रामचन्द्र विकल जी हमारी बगल में है वे भी हिन्दुस्तान के माने हुए किसानों के नेता है । प्रधान मंत्री के निर्वाचन में 115 बूथों पर कब्जा कराया गया। उनकी पत्नी चुनाव लड़ रही थीं । वहां पर गायत्री देवी 1100 वोट, एक वोट कांग्रेस, 1900 वोट गायत्री देवी एक वोट कांग्रेस। इस तरह से उस कांस्टीट्युंसी में हुआ, उनका चुनाव हुआ ।

श्री जे० पी० गोयल : कोई पिटीशन फाइल नहीं हुआ था ।

श्री कल्पनाथ राय : एक आदमी ने इलेक्शन की याचिका दाखिल कर दी उनका कत्ल हो गया, मालूम है आपको । 1957 में जिस व्यक्ति ने चुनाव याचिका दायर की थी उसका कत्ल हो गया । जानते हैं कि नहीं आप ? आपको जानना चाहिए, उस दल में है । पूरी जानकारी कीजिए । किसको हिम्मत है याचिका दाखिल करने की । लोकतंत्र को चलाने के लिए जिस तरह का सामंजस्य जिस तरह की सहिष्णुता, जिस तरह का बड़प्पन होना चाहिए उपसभापति महोदय, फख्र की बात है कि कांग्रेस पार्टी में वह रहा है और कांग्रेस पार्टी के नाते हिन्दुस्तान में 38 सालों से लोकतंत्र जिन्दा है और दुनिया के, एशिया के अफीका के विकासशील देशों में लोकतंत्र का जो चिराग जल रहा है वह कांग्रेस पार्टी के नाते है क्योंकि इसके नेतृत्व ने हमेशा एक सहिष्णुता और बड़प्पन का परिचय दिया है । आप सत्ता में आये थे । एक बार आपको सत्ता मिल गयी । आपने पचासें कमीशन हिन्दुस्तान के प्रधान मंत्री के ऊपर बैठाये राज कमीशन, शाह कमीशन, यह कमीशन, वह कमीशन सारे कमीशन आपने बैठाये और लगातार चरित्र हत्या का वातावरण आपने देश में बनाए रखा । लेकिन जब श्रीमती इंदिरा गांधी सत्ता में आई तो उनसे जब पत्रकारों ने पूछा कि आपके खिलाफ तिने कमीशन बैठाये गये, सारे कमीशनों से आप छूट गयीं लेकिन जो वैद्यलिंगम कमिशन बैठा था चौधरी चरण सिंह और मोरारजी देसाई के परिवार के भ्रष्टाचार की जांच के लिए और जिस वैद्यलिंगम कमीशन को चौधरी चरण सिंह और मोरारजी देसाई ने बनाया था अपनी कलम से, उस वैद्यलिंगम कमीशन ने चौधरी चरण सिंह और मोरारजी देसाई को भ्रष्टाचार में लिप्त पाया तो आप उनके खिलाफ कार्यवाही करेंगी ? श्रीमती इंदिरा गांधी ने पत्रकारों को जवाब दिया कि मैं आपसे पूछना चाहती हूं कि हिन्दुस्तान का सबसे बड़ा शत्रु कौन है, ये हमारे विरोधी दल के नेता या भारत की गरीबी ? तो पत्रकारों ने कहा, भारत की गरीबी सबसे बड़ी शत्रु है। तो श्रीमती इंदिरा गांधी ने कहा कि हम सबका प्रयास होना चाहिए कि हम सभी मिलकर भारत से सबसे बड़े शत्रु गरीबी से लड़ें जो सदियों से हमारे देश में है, जो हजारों वर्ष से हमारी जनता की छाती पर बैठकर इस मुल्क की जनता को तबाह किये है, हमें मिल जुलकर इस महान शत्रु गरीबी को मिटाना चाहिए । एक भी कार्यवाही उन्होंने नहीं की । कितना बड़प्पन है ? आज आपके भूतपूर्व प्रधान मंत्री बीमार हैं । राजीव गांधी जी को धन्यवाद दीजिए । हमारी सरकार ने कहा कि दुनिया में कहीं जायें,

[श्री कल्पनाथ राय]

दवा करायें, सारी जिम्मेदारी भारत सरकार की होगी। इससे लोकतंत्र मजबूत होता है, इससे राष्ट्र में जनतंत्र और लोकतंत्र का भविष्य उज्ज्वल होता है। हमेशा उंगली उठा देना कि इलेक्शन कमिश्नर नियुक्त करें ऐसे आदमी को जो कि...आदमी ही नियुक्त करेंगे कि जानवर ? आखिर वह आदमी होगा जिसको इलेक्शन कमिश्नर नामिनेट करेंगे। आपका कहना है कि जज नियुक्त करें तो वह जज बहुत ईमानदार होगा। लेकिन वह कोई आदमी होगा। उस आदमी में कहां सारी कमजोरियां और गुण होंगे जो हम में और आप में हैं। तो यह कन्फ्यूजन फैलाने की क्या जरूरत है ? फुलस्टाप हटा दीजिए, कामा डाल दीजिए, यह बीच में से हटा दीजिए इससे क्या होता है। आपको उसकी स्प्रिट का साथ देना चाहिए। अब तक जो पिछले 38 सालों में इलेक्शन कमीशन ने किया है वह सही किया है या नहीं ? आप रिगिंग की बात करते है। राम नरेश यादव उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री थे। चुनाव लड़े। उस चुनाव में श्रीमती इदिरा गांधी ने हमको भेजा। हम विरोधी पार्टी में थे। एक भी बूथ नहीं था जिस पर जनता पार्टी के मंत्रियों ने कब्जा न कर लिया हो और हमारी पार्टी के नेताओं को 20–20 लाठियां मार कर बाहर कर दिया। सुखदेव जी आप भी रहे हैं। जब इन्द्रा मोहिनी को लाठी से मारा रहे थे। श्याम लाल यादव हमारे साथ गये थे। वहां सब के सब खड़े हुए जनता पार्टी के मंत्रियों को मैंने आंखों से देखा है—जनता मंत्रियों को ठप्पा लगाते हुए। राम नरेश यादव, जो मुख्य मंत्री थे लोक दल के, इस तरह की धांधली और इस तरह का भ्रष्टचार करके वह 1977 के विधान सभा के चुनाव जीते। आपके प्रधान मंत्री की भी हालत आप जानते ही हैं। कोई चुनाव बिना रिगिंग के और बिना बूथ-कैप्चरिंग के हुआ नहीं और आप लोकतंत्र की बात कर रहे हैं आप नये चुनाव सुधार की बात कर रहे है।

हिन्दुस्तान में तो इलेक्शन कमीशन को भी आजादी की लड़ाई के सानिनियों ने बनाया है। राम चन्द्र विकल जी यहां मौजूद हैं इनकी नीति कोई चौधरी चरण सिंह से कम नहीं है। उत्तर प्रदेश के माने हुए नेता चौधरी चरण सिंह, गेदा सिंह और राम चन्द्र विकल रहें है। यह दो बार चौधरी चरण सिंह के खिलाफ चुनाव लड़े हैं। ईश्वर की शपथ लेकर बताये कि क्या चौधरी चरण सिंह ने सैंकड़ों बूथ पर कब्जा करवाया है कि नही ? यहां यह गांधीवादी बैठे हुए हैं। मेरा जब जन्म हुआ, तब से यह राजनीति में हैं और आप इलेक्शन में सुधार की बात करते हैं।

आपको बिल को पेश करने से पहले अपने दामन की तरफ देखना चाहिए कि इस दामन में कितने धब्बे लगे हुए हैं। दूसरे पर आप कीचड़ क्यों फेंकते हैं ?

उपसभापति महोदय, हिन्दुस्तान की राजनीति में स्वच्छता, सुथरापन, डीसेंसी डकोरम, भारत में लोकतंत्र, लोकशाही को लाने का, इसको कंटिन्यू करने की सारी जिम्मेदारी कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व को है और आज भी इलेक्शन कमीशन—जो हमारे देश के अंदर एंटि-डिफेक्शन का बिल बना, यह महान कदम है भारत की राजनीति को साफ-सुथरा करने का और मुझे खुशी है कि हिन्दुस्तान के सभी राजनीतिक दलों ने सर्व-सम्मति से इस एंटि-डिफेक्शन बिल का समर्थन किया और आज हिन्दुस्तान की राजनीति में एक सामंजस्य का युग शुरू हुआ।

मैं आपसे प्रार्थना करना चाहता हूं कि अगर देश के प्रधान मंत्री ने एक इनिशिएटिव लिया राजनीति को साफ करने का, तो आप टकराव की राजनीति छोड़ो। आप तो अपनी टकराव की राजनीति को छोड़ने को तैयार नहीं, कभी आप रिकंसिलिएशन की बात नहीं करते, नेशनल रिकंसिलिएशन की बात नहीं करते—नेशनल रिकंसिलिएशन के माध्यम से ही भारत का विकास हो सकता है, यह भारत का लोकतंत्र जीवित रह सकता है।

हमारे देश के प्रधान मंत्री राजीव गांधी जी ने यह कानून बनाया कि कम्पनियां डोनेशन देंगी, जो कम्पनी जिस पोलिटिकल पार्टी को डोनेशन देना चाहे,

जिस पार्टी को चंदा देना चाहे, वह दे सकती है और राजनीतिक पार्टियों को अपना हिसाब रखना चाहिए। यह भी चुनाव सुधार की दिशा में एक बड़ा ही महत्वपूर्ण कदम है। यह दूसरा कदम है जो पिछले 15 महीनों के अंदर अच्छा कदम हमारे प्रधान मंत्री ने उठाया है।

अब हमारे कानून मंत्री यहां मौजूद हैं और आप भी मौजूद हैं, एक विद्वान वकील हैं--आज चुनाव सुधार में कौन-कौन सी ऐसी चीजें की जाएं जिनसे हिन्दुस्तान के चुनाव इससे भी अच्छे माने जाएं। आज चुनाव में मसल पावर का इस्तेमाल हो रहा है, आज चुनाव में क्रिमिनलस और एंटि-सोशल एलिमेंट्स हिस्सा ले रहे हैं, आज चुनाव में मनी-पावर का प्रभाव पड़ रहा है।

तो इन कुरीतियों से भारत के लोकतंत्र को बचाने के लिए क्या कदम उठायें जायं ? आप विद्वान वकील है, आप इस प्रकार के कुछ पत्र प्रधान मंत्री को लिखें, अशोक सेन जी को पत्र लिखें, भारद्वाज जी को पत्र लिखें। अब राजीव गांधी जी ने अपने चुनाव घोषणा-पत्र में कहा है कि हिन्दुस्तान के चुनाव में हम सुधार करना चाहते हैं। हमें ओपीनियन राय मिलनी चाहिए। आप सब विरोधी दल के लोग, सत्ता पक्ष के लोग इस बात को आबजेक्टिव ढंग से प्रधान मंत्री को पत्र लिख कर के, उनको मिल कर भी उनको सुझाव दिये जाएं कि हिन्दुस्तान के चुनाव को, हिन्दुस्तान के लोकतंत्र को सही दिशा देंगे --तो आपने दो-तीन काम तो बहुत अच्छे किये। यह दो-तीन काम बदली हुई परिस्थिति में होने चाहिएं. पहला किया चुनाव में जो गुंडा जो असामाजिक तत्व का इस्तेमाल हो रहा है, जो मसल पावर चुनाव में आ गये हैं, जो चुनाव में मनी का इस्तेमाल हो रहा है, जो चुनाव के अंदर हमारी धांधली हो रही है, बूथ कैप्चरिंग हो रही है, इन चीजों को कैसे रोका जाए ताकि इस देश का कोई भी नागरिक चुनाव लड़ सके और जो गुंडा एलिमेंट, क्रिमिनल, मर्डर के चार्ज-शीटेड, राबरी के चार्ज-शीटेड लोग जो एम०एल०ए० और ब्लाक रिप्रेजेन्टटिव का चुनाव लड़ रहे हैं और जीत भी रहे है, इस तरह के असामाजिक तत्वों को विधान सभा और लोक सभा में आने से कैसे रोका जाए। कैसे तस्करों के प्रभाव से राजनीति को मुक्त किया जाए, कैसे ब्लैक मार्केटीयर्ज के प्रभाव से राजनीति को मुक्त किया जाए, कैसे असामाजिक तत्वों के प्रभाव से राजनीति को मुक्त किया जाए, कैसे मनी-पावर के प्रभाव से राजनीतिक को मुक्त किया जाए, क्योंकि भारत में सच्चे लोकतंत्र को विकसित करने के लिए इन सुधारों की आवश्यकता है। इन सुधारों के लिए आपको भी पोजिटिव ढंग से, एक ठीक ढंग से विचार करना चाहिए। आप तो बहुत विद्वान वकील है आप जानते हैं, आप जुडीशियरी की बहुत बात करते है। आदरणीय उपसभापति महोदय, मैं आपसे कहता हूं कि जुडीशियरी को सोचना चाहिए कि हम देश के अन्दर रहने वाले हैं। एक फैसला आपकी जुडीशियरी ने किया था, इलाहाबाद का फैसला श्रीमती इंदिरा गांधी के संबंध में, जबकि चारों तरफ दुनिया की साम्राज्य-वादी ताकतें हिन्दुस्तान को डी-स्टैबेलाइज करने की कोशिश कर रही थीं, जब पूरे देश में रेलवे हड़ताल हुई थीं, जब बांग्ला-देश की जंग के कारण हिन्दुस्तान की आर्थिक व्यवस्था बिल्कुल चरमरा रही थी, देश के 14 प्रांतों में सूखा और अकाल पड़ा हुआ था, जबकि विदेशी हिन्दुस्तान पर हमला करने की साजिश कर रहे थे, जब प्रशान्त महासागर में बेड़े आकर खड़े थे ऐसे दौर में जबकि देश की राजनीति को अन्दर से और बाहर से डीस्टैबलाइज करने की कोशिश की जा रही थी, उस समय इलाहाबाद के एक वकील जो कि बड़े वकील कहलाते हैं, उन्होंने हिन्दुस्तान के प्रधान मंत्री का चुनाव ही रद्द कर दिया। उस समय श्रीमती इंदिरा गांधी को इलाहाबाद हाईकोर्ट में जाने की कोई जरूरत नहीं थी। वे जातीं, नहीं जातीं, फैसला होता, नहीं होता। लेकिन फिर भी उन्होंने सोचा कि जुडीशियरी को सम्मान देने के लिए भारत का प्रधान मंत्री भी हाई कोर्ट के वकील के सामने जाए। श्रीमती इंदिरा गांधी के ऊपर यह कोई

[श्री कल्पनाथ राय]

बाईडिंग नहीं था कि वे हाईकोर्ट के वकील के सामने जाते। उन्हें जाने की जरूरत नहीं थी। लेकिन उन्होंने जूडीशियरी को सम्मान दिया। लेकिन उसको उन्होंने उल्टा समझ और ऐसा फैसला किया कि पूरा हिन्दुस्तान डी स्टैबेलाइज हो जाए, पूरे देश में अराजकता फैल जाए, पूरा देश तहस-नहस हो जाए, पूरे देश के टुकड़े-टुकड़े हो जाएं, दुश्मनों को भारत को नष्ट करने का मौका मिले। यह फैसला उस समय जूडीशियरी ने किया श्रीमति इंदिरा गांधी के मामले में और उनका फैसला क्या-क्या होता है, जो समाजवाद की दिशा है, जो जनवाद, जो लोकतंत्र की दिशा है उसके खिलाफ हिन्दुस्तान की न्यायपालिका के लोगों ने हमेशा फैसला किया है। भूमिसुधारों के खिलाफ वह फैसला करेगी, बैंकों के राष्ट्रीयकरण के खिलाफ वह फैसला करेगी, राजाओं के प्रिवीपर्सों की समाप्ति के खिलाफ वह फैसला करेगी और जितने हिन्दुस्तान में प्रतिक्रियावादी, अराजकता पसंद, देश तोड़क पूंजीवादी और बड़े-बड़े मल्टीनेशनल्ज हैं उनके समर्थन में पूंजीपतियों के समर्थन में जो भी फैसला होगा वह करेगी। फिर जुडीशियरी का नाम, क्या करेगी? वट जुडीशियरी? जुडीशियरी में क्या कोई भगवान रहते हैं? मैं जानता हूं बहुत से वकील एम० पीज० और मंत्रियों के पीछे दिन-भर घूमते रहते हैं, कि साहब, हमको जज बना दो, हमको हाईकोर्ट का जज बना दो। मैं जानता हूं कि किस तरह से शशि-भूषण के बंगले पर दिनरात पहरेदारी करके इलाहाबाद के जज बने। मैं जानता हूं किस तरह से जज बनते हैं। जज तो बनेंगे अगर कोई मिनिस्टर सिफारिश कर देगा। तो मुख्य मंत्री उस पर रिकमेंड कर देगा तब हाई कोर्ट के जज बन कर चले आए।

श्री जे० पी० गोयल उसी के लिए तो वह अमेंडमेंट था। ...(**व्यवधान**)

श्री कल्पनाथ राय : वहां जज बन गए, तो उसके बाद भारत के प्रधानमंत्री पर फैसला करना शुरू कर देंगे। एक से एक घटिया किस्म के लोग, अपनी हैसियत भूल कर लगते हैं बड़ी-बड़ी बातें करने। आज क्या है? इंग्लैंड में और अमरीका में भी जुडीशियरी सबोर्डीनेट है। है या नहीं? लेकिन हिन्दुस्तान के अन्दर हमारे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने हिन्दुस्तान जैसे विकासशील देश में लोकतंत्र के साथ न्यायपालिका इंडीपेंडेंट, कार्यपालिका इंडीपेंडेंट, विधायिका इंडीपेंडेंट, यह तो अमरीका में भी नहीं है जो कि लोकतंत्र की बात कहता है। यह इंग्लैंड में भी सुविधा नहीं है। मुआफ कीजिए गोयल साहब, इतनी आजादी है तो आजादी का मतलब यह नहीं है कि संविधान में हमारे जो डायरेक्टिव प्रिंसीपल्ज है जो कि समाजवाद की दिशा में देश को ले जायेंगे और समाजवादी समाज की स्थापना हमारा लक्ष्य होगा, सैकुलरिजम हमारी आधारशिला होगी, लोकतंत्र हमारा मुख्य उद्देश्य होगा, राष्ट्रीयता हमारा बेस होगा, तो हमारे जो सुप्रीम कोर्ट में और हाई-कोर्ट में बैठे हुए लोग हैं, तो क्या इसके खिलाफ फैसला करना चाहिए, राजाओं के प्रिवीपर्स की समाप्ति, क्या लोकशाही की दिशा में बड़ा कदम नहीं था? क्या इसके खिलाफ फैसला करना चाहिए? क्या यह फैसला डायरेक्टिव प्रिन्सिपल आफ कन्स्टीट्यूशन के अनुकूल है? यह तो श्रीमती इंदिरा गांधी जी का बड़प्पन था, यह तो जवाहर लाल नेहरू जी की महानता थी कि उन्होंने इस तरह के फैसलों को भी बर्दाश्त किया। गोलकनाथ के मामले में कोर्ट ने फैसला कर दिया कि पार्लियामेंट हैज नो राइट टू अमेण्ड कंस्टीट्यूशन। मालूम होता है कि यही लोग जनता के प्रतिनिधि हैं, जो गोलकनाथ के मामले में ऐसा डिसीजन दिया ...। जनता की लाखों आशाओं और आकांक्षाओं के प्रतिनिधि हिन्दुस्तान की संसद-सदस्य और विधानसभाओं के सदस्य होते हैं और उनके ऊपर बड़ी भारी जिम्मेदारियां होती हैं। वे सदस्य राष्ट्र के संविधान में संशोधन कर सकते हैं, परिवर्तन कर सकते हैं और देश की न्यायपालिका के लोगों को जनता की इच्छा और राष्ट्र की इच्छा को मददे नजर रखते हुए काम करना चाहिए।

[**उपसभाध्यक्ष (श्री एम० पी० कौशिक)** पीठासीन हुए।]

आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदय, इस सारे संशोधन में जोड़ा है कि इलेक्शन

कमीशन में कोई जूडीशियरी, कोई जज या फिर दूसरे जज को बनाएं। जज मायने क्या है? जब तक हमारे राष्ट्र की हाई एक्जीक्यूटिव है, उसके मन के अनुकूल यदि आपको जवाहर लाल नेहरू के इरादों पर शंका हो, तो बताइए, यदि आपको श्रीमती इंदिरा गांधी की राष्ट्र-भक्ति पर संदेह हो, तो कहिए, यदि आपको राजीव गांधी की नेकनीयती पर संदेह हो, तो कहिए? जुडीशियरी में ऐसा कौन सा इतना बड़ा सुरखाब का पर है कि वह जो काम करेगा, सही काम होगा।

